Gen

Chapter 29

Hindi Interlinear

Reference: Hindi Easy-to-Read Version

1

וַיִּשָּׂא	יַעֲקֹב	רַגְלָיו	וַיֵּלֶךְ	אַרְצָה	בְּנֵי־	קֶדֶם׃
और-उठाया	याकोब-ने	उस-के-पैर	और-गया	देश-को	पुत्रों-	पूर्व-के
H5375	H3290	H7272	H3212	H0776		

तब याकूब ने अपनी यात्रा जारी रखी। वह पूर्व के प्रदेश में गया।

2

וַיַּרְא	וְהִנֵּה	בְאֵר	בַּשָּׂדֶה	וְהִנֵּה־	שָׁם	שְׁלֹשָׁה	עֲדָרֵי־	צֹאן	רֹבְצִים	עָלֶיהָ
और-देखा	और-देखो	कुआँ	मैदान-में	और-देखो-	वहाँ	तीन	झुंड-	भेड़ों-के	बैठे-हुए	उस-के-पास
H7200	H2009	H0875		H2009	H8033	H7969	H5739	H6629	H7257	

כִּי	מִן־	הַבְּאֵר	הַהִוא	יַשְׁקוּ	הָעֲדָרִים	וְהָאֶבֶן	גְּדֹלָה	עַל־	פִּי	הַבְּאֵר׃
क्योंकि	से-	कुएँ	उस	पिलाते-थे	झुंडों-को	और-पत्थर	बड़ा	-पर	मुँह	कुएँ-के
		H0875	H1931	H8248	H5739	H0068			H6310	H0875

याकूब ने दृष्टि डाली, उसने मैदान में एक कुआँ देखा। वहाँ कुएँ के पास भेड़ों की तीन रेवड़े पड़ी हुई थी। यही वह कुआँ था जहाँ ये भेड़े पानी पीती थी। वहाँ एक बड़े शिला से कुएँ का मुँह ढका था।

3

וְנֶאֱסְפוּ־	שָׁמָּה	כָּל־	הָעֲדָרִים	וְגָלְלוּ	אֶת־	הָאֶבֶן	מֵעַל	פִּי	הַבְּאֵר
और-इकट्ठा-होते-थे-	वहाँ	सब-	झुंड	और-लुढ़काते-थे	-	पत्थर	से-ऊपर	मुँह	कुएँ-के
H0622	H8033	H3605	H5739	H1556	H0853	H0068		H6310	H0875

וְהִשְׁקוּ	אֶת־	הַצֹּאן	וְהֵשִׁיבוּ	אֶת־	הָאֶבֶן	עַל־	פִּי	הַבְּאֵר	לִמְקֹמָהּ׃
और-पिलाते-थे	-	भेड़ों-को	और-लौटाते-थे	-	पत्थर	-पर	मुँह	कुएँ-के	उस-की-जगह-पर
H8248	H0853	H6629	H7725	H0853	H0068		H6310	H0875	H4725

जब सभी भेड़े वहाँ इकट्ठी हो जातीं तो गड़ेंरिये चट्टान को कुएँ के मुँह पर से हटाते थे। तब सभी भेड़े उसका जल पी सकती थी। जब भेड़े पी चुकती थी तब गड़ेंरिये शिला को फिर अपनी जगह पर रख देते थे।

4

וַיֹּאמֶר	לָהֶם	יַעֲקֹב	אַחַי	מֵאַיִן	אַתֶּם	וַיֹּאמְרוּ	מֵחָרָן	אֲנָחְנוּ׃
और-कहा	उन-से	याकोब-ने	मेरे-भाइयो	कहाँ-से	तुम	और-कहा	हारान-से	हम
H0559		H3290	H0251	H0370		H0559		H0587

याकूब ने वहाँ गड़ेंरियों से कहा, “भाईयों, आप लोग कहीं के हैं?” उन्होंने उत्तर दिया, “हम हारान के है।”

5

וַיֹּאמֶר	לָהֶם	הַיְדַעְתֶּם	אֶת־	לָבָן	בֶּן־	נָחוֹר	וַיֹּאמְרוּ	יָדָעְנוּ׃
और-कहा	उन-से	क्या-जानते-हो	-	लाबान	पुत्र-	नाहोर-के	और-कहा	जानते-हैं
H0559		H3045	H0853			H5152	H0559	H3045

तब याकूब ने कहा, “क्या आप लोग नाहोर के पुत्र लाबान को जानते हैं?” गड़ेंरियों ने जवाव दिया, “हम लोग उसे जानते हैं।”

6

וַיֹּאמֶר	לָהֶם	הֲשָׁלוֹם	לוֹ	וַיֹּאמְרוּ	שָׁלוֹם	וְהִנֵּה	רָחֵל	בִּתּוֹ	בָּאָה	עִם־
और-कहा	उन-से	क्या-शांति	उसे	और-कहा	शांति	और-देखो	राहेल	उस-की-पुत्री	आ-रही	-के-साथ
H0559		H7965		H0559	H7965	H2009	H7354	H1323	H0935	

הַצֹּאן׃
भेड़ों
H6629

तब याकूब ने पूछा, “वह कुशल से तो हैं?” उन्होंने कहा, “वे ठीक हैं। सब कुछ बहुत अच्छा है। देखो, वह उसकी पुत्री राहेल अपनी भेड़ों के साथ आ रही है।”

7

וַיֹּאמֶר	הֵן	עוֹד	הַיּוֹם	גָּדוֹל	לֹא־	עֵת	הֵאָסֵף	הַמִּקְנֶה	הַשְׁקוּ	הַצֹּאן
और-कहा	देखो	अभी	दिन	बड़ा	नहीं-	समय	इकट्ठे-होने-का	पशुओं	पिलाओ	भेड़ों-को
H0559	H2005	H5750	H3117		H3808	H6256	H0622	H4735	H8248	H6629

וּלְכוּ	רְעוּ׃
और-जाओ	चराओ
H3212	

याकूब ने कहा, “देखो, अभी दिन है और सूरज डूबने में अभी काफी देर है। रात के लिए जानवरों को इकट्ठा करने का अभी समय नहीं है। इसलिए उन्हें पानी दो और उन्हें मैदान में लौट जाने दो।”

8

וַיֹּאמְרוּ	לֹא	נוּכַל	עַד	אֲשֶׁר	יֵאָסְפוּ	כָּל־	הָעֲדָרִים	וְגָלְלוּ	אֶת־	הָאֶבֶן
और-कहा	नहीं	सकते-हैं	जब-तक	जो	इकट्ठा-हों	सब-	झुंड	और-लुढ़काएं	–	पत्थर
H0559	H3808	H3201	H5704		H0622	H3605	H5739	H1556	H0853	H0068

מֵעַל	פִּי	הַבְּאֵר	וְהִשְׁקִינוּ	הַצֹּאן׃
से-ऊपर	मुँह	कुएँ-के	और-पिलाएं	भेड़ों-को
	H6310	H0875	H8248	H6629

लेकिन उस गड़ेरियें ने कहा, “हम लोग यह तब तक नहीं कर सकते जब तक सभी रेबड़े इकट्ठी नहीं हो जाती। तब हम लोग शिला को कुएँ हटाएँगें और सभी भेड़े पानी पीएँगी।”

9

עוֹדֶנּוּ	מְדַבֵּר	עִמָּם	וְרָחֵל	בָּאָה	עִם־	הַצֹּאן	אֲשֶׁר	לְאָבִיהָ	כִּי
जब-तक-वह	बोल-रहा-था	उन-से	और-राहेल	आई	-के-साथ	भेड़ों	जो	उस-के-पिता-के	क्योंकि
H5750	H1696		H7354	H0935		H6629		H0001	

רֹעָה	הִוא׃
चरवाही	वह
	H1931

याकूब जब तक गड़ेरियों से बातें कर रहा था तब राहेल अपने पिता को भेड़ों के साथ आई। (राहेल का काम भेड़ों की देखभाल करना था।)

10

וַיְהִי	כַּאֲשֶׁר	רָאָה	יַעֲקֹב	אֶת־	רָחֵל	בַּת־	לָבָן	אֲחִי	אִמּוֹ	וְאֶת־
और-हुआ	जब	देखा	याकोब-ने	–	राहेल	पुत्री-	लाबान-की	भाई	उस-की-माता-के	और-
H1961		H7200	H3290	H0853	H7354	H1323		H0251	H0517	H0853

וַיִּגַּשׁ	יַעֲקֹב	וַיָּגֶל	אֶת־	הָאֶבֶן	מֵעַל	צֹאן	לָבָן	אֲחִי	אִמּוֹ	
और-नज़दीक-आया	याकोब	और-लुढ़काया	–	पत्थर	से-ऊपर	भेड़ों-को	लाबान-की	भाई	उस-की-माता-के	
H5066	H3290	H1556	H0853	H0068		H6629		H0251	H0517	

וַיַּשְׁקְ	אֶת־	צֹאן	לָבָן	אֲחִי	אִמּוֹ׃		
और-पिलाया	–	भेड़ों-को	लाबान-की	भाई	उस-की-माता-के		
H8248	H0853	H6629		H0251	H0517		
הַבְּאֵר	פִּי						
कुएँ-के	मुँह						
H0875	H6310						

राहेल लाबान की पुत्री थी। लाबान, रिबका का भाई था, जो याकूब की माँ थी। जब याकूब ने राहेल को देखा तो जाकर शिला को हटाया और भेड़ों को पानी पिलाया।

11

וַיִּשַּׁק	יַעֲקֹב	לְרָחֵל	וַיִּשָּׂא	אֶת־	קֹלוֹ	וַיֵּבְךְּ׃
और-चूमा	याकोब-ने	राहेल-को	और-उठाया	–	उस-की-आवाज़	और-रोया
	H3290	H7354	H5375	H0853		H1058

तब याकूब ने राहेल को चूमा और जोर से रोया।

12

וַיַּגֵּד	יַעֲקֹב	לְרָחֵל	כִּי	אֲחִי	אָבִיהָ	הוּא	וְכִי	בֶן־	רִבְקָה	הִוא
और-बताया	याकोब-ने	राहेल-को	कि	भाई	उस-के-पिता-का	वह	और-कि	पुत्र-	रिबका-का	वह
H5046	H3290	H7354		H0251	H0001	H1931			H7259	H1931

וַתָּרָץ	וַתַּגֵּד	לְאָבִיהָ׃
और-दौड़ी	और-बताया	उस-के-पिता-को
H7323	H5046	H0001

याकूब ने बताया कि मैं तुम्हारे पिता के खानदान से हूँ। उसने राहेल को बताया कि मैं रिबका का पुत्र हूँ। इसलिए राहेल घर को दौड़ गई और अपने पिता से यह सब कहा।

13

וַיְהִי	כִּשְׁמֹעַ	לָבָן	אֶת־	שֵׁמַע	יַעֲקֹב	בֶּן־	אֲחֹתוֹ	וַיָּרָץ	לִקְרָאתוֹ
और-हुआ	सुनते-समय	लाबान-ने	–	ख़बर	याकोब	पुत्र-	उस-की-बहन-का	और-दौड़ा	उस-से-मिलने-को
H1961	H8085		H0853		H3290		H0269	H7323	H7125

וַיְחַבֵּק־	לוֹ	וַיְנַשֵּׁק־	לוֹ	וַיְבִיאֵהוּ	אֶל־	בֵּיתוֹ	וַיְסַפֵּר	לְלָבָן	אֵת
और-गले-लगाया-	उसे	और-चूमा-	उसे	और-ले-आया-उसे	-की-ओर	उस-के-घर	और-बताया	लाबान-को	–
H2263				H0935	H0413				H0853

כָּל־	הַדְּבָרִים	הָאֵלֶּה׃
सब-	बातें	ये
H3605	H1697	H0428

लाबान ने अपनी बहन के पुत्र, याकूब के बारे में खबर सुनी। इसलिए लाबन उससे मिलने के लिए दौड़ा। लाबान उससे गले मिला, उसे चूमा और उसे अपने घर लाया। याकूब ने जो कुछ हुआ था, उसे लाबान को बताया।

14

וַיֹּאמֶר	לוֹ	לָבָן	אַךְ	עַצְמִי	וּבְשָׂרִי	אָתָּה	וַיֵּשֶׁב	עִמּוֹ	חֹדֶשׁ	יָמִים׃
और-कहा	उस-से	लाबान-ने	निश्चय	मेरी-हड्डी	और-मेरा-मांस	तू	और-रहा	उस-के-साथ	महीना	दिनों-का
H0559			H0389	H6106	H1320		H3427		H2320	H3117

तब लाबान ने कहा, “आश्चर्य है, तुम हमारे खानदान से हो।” अतः याकूब लाबान के साथ एक महीने तक रूका।

15

וַיֹּאמֶר	לָבָן	לְיַעֲקֹב	הֲכִי־	אָחִי	אָתָּה	וַעֲבַדְתַּנִי	חִנָּם	הַגִּידָה	לִּי	מַה־
और-कहा	लाबान-ने	याकोब-से	क्या-	मेरा-भाई	तू	और-सेवा-करेगा-मेरी	मुफ़्त	बता	मुझे	क्या-
H0559		H3290		H0251		H5647	H2600	H5046		H4100

מַשְׂכֻּרְתֶּךָ׃
तेरी-मज़दूरी
H4909

एक दिन लाबान ने याकूब से कहा, “यह ठीक नहीं है कि तुम हमारे यहाँ बिना बेतन में काम करते रहो। तुम रिश्तेदार हो, दास नहीं। मैं तुम्हें क्या वेतन दूँ?”

16

וּלְלָבָן	שְׁתֵּי	בָנוֹת	שֵׁם	הַגְּדֹלָה	לֵאָה	וְשֵׁם	הַקְּטַנָּה	רָחֵל׃
और-लाबान-को	दो	पुत्रियाँ	नाम	बड़ी-का	लेआ	और-नाम	छोटी-का	राहेल
	H8147	H1323	H8034		H3812	H8034		H7354

लाबान की दो पुत्रियाँ थी। बड़ी लिआ थी और छोटी राहेल।

17

וְעֵינֵי	לֵאָה	רַכּוֹת	וְרָחֵל	הָיְתָה	יְפַת־	תֹּאַר	וִיפַת	מַרְאֶה׃
और-आँखें	लेआ-की	कोमल	और-राहेल	थी	सुंदर-	रूप-की	और-सुंदर	दिखावट-की
	H3812	H7390	H7354	H1961	H3303	H8389	H3303	H4758

राहेल सुन्दर थी और लिआ की धुंधली आँखें थीं।

18

וַיֶּאֱהַב	יַעֲקֹב	אֶת־	רָחֵל	וַיֹּאמֶר	אֶעֱבָדְךָ	שֶׁבַע	שָׁנִים	בְּרָחֵל	בִּתְּךָ
और-प्रेम-किया	याकोब-ने	–	राहेल-से	और-कहा	सेवा-करूँगा-तेरी	सात	वर्ष	राहेल-के-लिए	तेरी-पुत्री
H0157	H3290	H0853	H7354	H0559	H5647	H7651	H8141	H7354	H1323

הַקְּטַנָּה׃
छोटी-के-लिए

याकूब राहेल से प्रेम करता था। याकूब ने लाबान से कहा, “यदि तुम मुझे अपनी पुत्री राहेल के साथ विवाह करने दो तो मैं तुम्हारे यहाँ सात साल तक काम कर सकता हूँ।”

19

וַיֹּאמֶר	לָבָן	טוֹב	תִּתִּי	אֹתָהּ	לָךְ	מִתִּתִּי	אֹתָהּ	לְאִישׁ	אַחֵר	שְׁבָה	עִמָּדִי׃
और-कहा	लाबान-ने	अच्छा	देना-मेरा	उसे	तुझे	देने-मेरे-से	उसे	पुरुष-को	दूसरे	रह	मेरे-साथ
H0559			H5414	H0853		H5414	H0853	H0376	H0312	H3427	H5978

लाबान ने कहा, “यह उसके लिए अच्छा होगा कि किसी दूसरे के बजाय वह तुझसे विवाह करे। इसलिए मेरे साथ ठहरो।”

20

וַיַּעֲבֹד	יַעֲקֹב	בְּרָחֵל	שֶׁבַע	שָׁנִים	וַיִּהְיוּ	בְעֵינָיו	כְּיָמִים	אֲחָדִים	
और-सेवा-की	याकोब-ने	राहेल-के-लिए	सात	वर्ष	और-थे	उस-की-आँखों-में	दिनों-की-तरह	कुछ	
H5647	H3290	H7354	H7651	H8141	H1961		H3117	H0259	

בְּאַהֲבָתוֹ	אֹתָהּ׃
उस-के-प्रेम-में	उस-से
H0157	H0853

इसलिए याकूब ठहरा और सात साल तक लाबान के लिए काम करता रहा। लेकिन यह समय उसे बहुत कम लगा क्योंकि वह राहेल से बहुत प्रेम करता था।

21

וַיֹּאמֶר	יַעֲקֹב	אֶל־	לָבָן	הָבָה	אֶת־	אִשְׁתִּי	כִּי	מָלְאוּ	יָמָי	וְאָבוֹאָה
और-कहा	याकोब-ने	-से	लाबान	दे	_	मेरी-पत्नी	क्योंकि	पूरे-हुए	मेरे-दिन	और-जाऊँगा
H0559	H3290	H0413		H3051	H0853	H0802		H4390	H3117	H0935

אֵלֶיהָ׃
उस-के-पास
H0413

सात साल के बाद उसने लाबान से कहा, “मुझे राहेल को दो जिससे मैं उससे विवाह करूँ। तुम्हारे यहाँ मेरे काम करने का समय पूरा हो गया।”

22

וַיֶּאֱסֹף	לָבָן	אֶת־	כָּל־	אַנְשֵׁי	הַמָּקוֹם	וַיַּעַשׂ	מִשְׁתֶּה׃
और-इकट्ठा-किया	लाबान-ने	_	सब-	पुरुषों-को	स्थान-के	और-बनाया	भोज
H0622		H0853	H3605	H0376	H4725		H4960

इसलिए लाबान ने उस जगह के सभी लोगों को एक दावत दी।

23

וַיְהִי	בָּעֶרֶב	וַיִּקַּח	אֶת־	לֵאָה	בִּתּוֹ	וַיָּבֵא	אֹתָהּ	אֵלָיו	וַיָּבֹא
और-हुआ	शाम-में	और-लिया	_	लेआ	उस-की-पुत्री	और-लाया	उसे	उस-के-पास	और-गया
H1961	H6153	H3947	H0853	H3812	H1323	H0935	H0853	H0413	H0935

אֵלֶיהָ׃
उस-के-पास
H0413

उस रात लाबान अपनी पुत्री लिआ को याकूब के पास लाया। याकूब और लिआ ने परस्पर शारीरिक सम्बन्ध स्थापित किया।

24

וַיִּתֵּן	לָבָן	לָהּ	אֶת־	זִלְפָּה	שִׁפְחָתוֹ	לְלֵאָה	בִתּוֹ	שִׁפְחָה׃
और-दिया	लाबान-ने	उसे	_	ज़िल्पा	उस-की-दासी	लेआ-के-लिए	उस-की-पुत्री	दासी
H5414			H0853	H2153	H8198	H3812	H1323	H8198

(लाबान ने अपनी पुत्री को, सेविका के रूप में अपनी नौकरानी जिल्पा को दिया।)

25

וַיְהִי	בַבֹּקֶר	וְהִנֵּה־	הִוא	לֵאָה	וַיֹּאמֶר	אֶל־	לָבָן	מַה־	זֹּאת	עָשִׂיתָ	לִּי
और-हुआ	सुबह-में	और-देखो-	वह	लेआ	और-कहा	-से	लाबान	क्या-	यह	किया	मुझ-से
H1961	H1242	H2009	H1931	H3812	H0559	H0413		H4100	H2063		

הֲלֹא	בְרָחֵל	עָבַדְתִּי	עִמָּךְ	וְלָמָּה	רִמִּיתָנִי׃
क्या-नहीं	राहेल-के-लिए	सेवा-की-मैंने	तेरे-साथ	और-क्यों	धोखा-दिया-मुझे
H3808	H7354	H5647		H4100	

सबेरे याकूब ने जाना कि वह लिआ के साथ सोया था। याकूब ने लाबान से कहा, “तुमने मुझे धोखा दिया है। मैंने तुम्हारे लिए कठिन परिश्रम इसलिए किया कि मैं राहेल से विवाह कर सकूँ। तुमने मुझे धोखा क्यों दिया?”

26

וַיֹּאמֶר	לָבָן	לֹא־	יֵעָשֶׂה	כֵן	בִּמְקוֹמֵנוּ	לָתֵת	הַצָּעִירָה	לִפְנֵי	הַבְּכִירָה׃
और-कहा	लाबान-ने	नहीं-	किया-जाता	ऐसा	हमारे-स्थान-में	देना	छोटी-को	सामने	बड़ी-के
H0559		H3808			H4725	H5414	H6810	H6440	H1067

लाबान ने कहा, “हम लोग अपने देश में छोटी पुत्री का बड़ी पुत्री से पहले विवाह नहीं करने देंगे।

27

מַלֵּא	שְׁבֻעַ	זֹאת	וְנִתְּנָה	לְךָ	גַּם־	אֶת־	זֹאת	בַּעֲבֹדָה	אֲשֶׁר	תַּעֲבֹד	עִמָּדִי
पूरा-कर	सप्ताह	इस-का	और-देंगे	तुझे	भी-	–	इसे	सेवा-में	जो	सेवा-करेगा	मेरे-साथ
H4390	H7620	H2063	H5414		H1571	H0853	H2063	H5656		H5647	H5978

עוֹד	שֶׁבַע־	שָׁנִים	אֲחֵרוֹת׃
और	सात-	वर्ष	दूसरे
H5750	H7651	H8141	H0312

किन्तु विवाह के उत्सव को पूरे सप्ताह मनाले रहो और मैं राहेल को भी तुम्हें विवाह के लिए दूँगा। परन्तु तुम्हें और सात वर्ष तक मेरी सेवा करनी पड़ेगी।”

28

וַיַּעַשׂ	יַעֲקֹב	כֵּן	וַיְמַלֵּא	שְׁבֻעַ	זֹאת	וַיִּתֶּן־	לוֹ	אֶת־	רָחֵל
और-किया	याकोब-ने	ऐसा	और-पूरा-किया	सप्ताह	इस-का	और-दिया-	उसे	–	राहेल
	H3290		H4390	H7620	H2063	H5414		H0853	H7354

בִּתּוֹ	לוֹ	לְאִשָּׁה׃	
उस-की-पुत्री	उसे	पत्नी-के-लिए	
H1323		H0802	

इसलिए याकूब ने यही किया और सप्ताह को बिताया। तब लाबान ने अपनी पुत्री राहेल को भी उसे उसकी पत्नी के रूप में दिया।

29

וַיִּתֶּן	לָבָן	לְרָחֵל	בִּתּוֹ	אֶת־	בִּלְהָה	שִׁפְחָתוֹ	לָהּ	לְשִׁפְחָה׃
और-दिया	लाबान-ने	राहेल-के-लिए	उस-की-पुत्री	–	बिल्हा	उस-की-दासी	उसे	दासी-के-लिए
H5414		H7354	H1323	H0853		H8198		H8198

(लाबान ने अपनी पुत्री राहेल की सेविका के रूप में अपनी नौकरानी बिल्हा को दिया।)

30

וַיָּבֹא	גַּם	אֶל־	רָחֵל	וַיֶּאֱהַב	גַּם־	אֶת־	רָחֵל	מִלֵאָה	וַיַּעֲבֹד
और-गया	भी	-के-पास	राहेल	और-प्रेम-किया	भी-	–	राहेल-से	लेआ-से-अधिक	और-सेवा-की
H0935	H1571	H0413	H7354	H0157	H1571	H0853	H7354	H3812	H5647

עִמּוֹ	עוֹד	שֶׁבַע־	שָׁנִים	אֲחֵרוֹת׃
उस-के-साथ	और	सात-	वर्ष	दूसरे
	H5750	H7651	H8141	H0312

इसलिए याकूब ने राहेल के साथ भी शारीरिक सम्बन्ध स्थापित किया और याकूब ने राहेल को लिआ से अधिक प्यार किया। याकूब ने लाबान के लिए और सात वर्ष तक काम किया।

31

וַיַּרְא	יְהוָה	כִּי־	שְׂנוּאָה	לֵאָה	וַיִּפְתַּח	אֶת־	רַחְמָהּ	וְרָחֵל	עֲקָרָה׃
और-देखा	यहोवा-ने	कि-	घृणित	लेआ	और-खोला	–	उस-की-कोख	और-राहेल	बाँझ
H7200	H3068		H8130	H3812		H0853	H7358	H7354	H6135

यहोवा ने देखा कि याकूब लिआ से अधिक राहेल को प्यार करता है। इसलिए यहोवा ने लिआ को इस योग्य बनाया कि वह बच्चों को जन्म दे सके। लेकिन राहेल को कोई बच्चा नहीं हुआ।

32

וַתַּהַר	לֵאָה	וַתֵּלֶד	בֵּן	וַתִּקְרָא	שְׁמוֹ	רְאוּבֵן	כִּי	אָמְרָה	כִּי־	רָאָה
और-गर्भवती-हुई	लेआ	और-जनी	पुत्र	और-रखा	उस-का-नाम	रऊबेन	क्योंकि	कहा	कि-	देखा
H2029	H3812	H3205		H7121	H8034	H7205		H0559		H7200

יְהוָה	בְּעָנְיִי	כִּי	עַתָּה	יֶאֱהָבַנִי	אִישִׁי׃
यहोवा-ने	मेरी-दुर्दशा-में	क्योंकि	अब	प्रेम-करेगा-मुझ-से	मेरा-पति
H3068	H6040		H6258	H0157	H0376

लिआ ने एक पुत्र को जन्म दिया। उसने उसका नाम रूबेन रखा। लिआ ने उसका यह नाम इसलिए रखा क्योंकि उसने कहा, “यहोवा ने मेरे कष्टों को देखा है। मेरा पति मुझको प्यार नहीं करता, इसलिए हो सकता है कि मेरा पति अब मुझसे प्यार करे।”

33

וַתַּהַר	עוֹד	וַתֵּלֶד	בֵּן	וַתֹּאמֶר	כִּי־	שָׁמַע	יְהוָה	כִּי־	שְׂנוּאָה	אָנֹכִי
और-गर्भवती-हुई	फिर	और-जनी	पुत्र	और-कहा	कि-	सुना	यहोवा-ने	कि-	घृणित	मैं
H2029	H5750	H3205		H0559		H8085	H3068		H8130	H0595

וַיִּתֶּן־	לִי	גַּם־	אֶת־	זֶה	וַתִּקְרָא	שְׁמוֹ	שִׁמְעוֹן׃
और-दिया-	मुझे	भी-	–	इसे	और-रखा	उस-का-नाम	शिम्ओन
H5414		H1571	H0853	H2088	H7121	H8034	H8095

लिआ फिर गर्भवती हुई और उसने दूसरे पुत्र को जन्म दिया। उसने इस पुत्र का नाम शिमोन रखा। लिआ ने कहा, “यहोवा ने सुना कि मुझे प्यार नहीं मिलता, इसलिए उसने मुझे यह पुत्र दिया।”

34

וַתַּהַר	עוֹד	וַתֵּלֶד	בֵּן	וַתֹּאמֶר	עַתָּה	הַפַּעַם	יִלְוֶה	אִישִׁי	אֵלַי	כִּי־
और-गर्भवती-हुई	फिर	और-जनी	पुत्र	और-कहा	अब	इस-बार	जुड़ेगा	मेरा-पति	मुझ-से	क्योंकि-
H2029	H5750	H3205		H0559	H6258	H6471		H0376	H0413	

יָלַדְתִּי	לוֹ	שְׁלֹשָׁה	בָנִים	עַל־	כֵּן	קָרָא־	שְׁמוֹ	לֵוִי׃
जनी-मैंने	उस-के-लिए	तीन	पुत्र	इसी-	कारण	पुकारा-	उस-का-नाम	लेवी
H3205		H7969				H7121	H8034	H3878

लिआ फिर गर्भवती हुई और एक ओर पुत्र को जन्म दिया। उसने पुत्र का नाम लेवी रखा। लिआ ने कहा, “अब निश्चय ही मेरा पति मुझको प्यार करेगा। मैंने उसे तीन पुत्र दिए हैं।”

35

וַתַּהַר	עוֹד	וַתֵּלֶד	בֵּן	וַתֹּאמֶר	הַפַּעַם	אוֹדֶה	אֶת־	יְהוָה	עַל־	כֵּן
और-गर्भवती-हुई	फिर	और-जनी	पुत्र	और-कहा	इस-बार	स्तुति-करूँगी	–	यहोवा-की	इसी-	कारण
H2029	H5750	H3205		H0559	H6471	H3034	H0853	H3068		

קָרְאָה	שְׁמוֹ	יְהוּדָה	וַתַּעֲמֹד	מִלֶּדֶת׃
रखा-उसने	उस-का-नाम	यहूदा	और-रुकी	जनने-से
H7121	H8034	H3063	H5975	H3205

तब लिआ ने एक और पुत्र को जन्म दिया। उसने इस लड़के का नाम यहूदा रखा। लिआ ने उसे यह नाम दिया क्योंकि उसने कहा, “अब मैं यहोवा की स्तुति करूँगी।” तब लिआ को बच्चा होना बन्द हो गया।